संख्या–830जेड/6–सा–1–12–4जी/2012

प्रेषक,

अजेय कुमार श्रीवास्तव,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक/सचिव,
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

गृह (सामान्य) अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 06 अगस्त, 2012

विषय :**स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पेंशन/आनुतोषिक हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिये धन का आवंटन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के समस्त जनपदों के राज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पेंशन/आनुतोषिक हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2012–13 में प्रावधानित धनराशि रू0 45,00,00,000/– (रू0 पैंतालीस करोड़ मात्र) के सापेक्ष लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि रू0 15,00,00,000/– (रू0 पन्द्रह करोड़ मात्र) को घटाते हुये अवशेष धनराशि **रू0 30,00,00,000/–(रू0 तीस करोड़ मात्र)** आपके निस्तारण पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय समस्त वित्तीय नियमों एवं स्थायी ओदशों के अनुसार किया जोयगा। धनराशि के प्रदेशन मात्र से ही व्यय करने का अधिकार नहीं हो जाता, जहाँ सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित हो, व्यय करने से पूर्व अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

3– वित्तीय स्वीकृतियों में आवश्कतानुसार धनराशि का कोषागार से किश्तों में आहरण सुनिश्चित किया जाय।

4– इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त धनराशि सम्बन्धी व्यय विवरण समस्त जनपदों से प्राप्त कर नियमित रूप से महालेखाकार (लेखा), उ0प्र0, इलाहाबाद को प्रतिमाह के प्रथम सप्ताह में भेजा जाये तथा जिसकी एक प्रति शासन को भी निश्चित रूप से उपलब्ध करायी जाये।

5– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या–28 के लेखा शीर्षक "2235–सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण–आयोजनेत्तर–60–अन्य सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण कार्यक्रम–107– स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन योजना–03–स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके आश्रितों को पेंशन–33–पेंशन/आनुतोषिक/अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

क्रमशः–2

6— यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी 1 1515 दस—2012—231/2012, दिनांक—09 जुलाई, 2012 द्वारा प्रशासकीय विभागों को प्रद अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

/

(अजेय कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव।

संख्या—830(।)जेड/6—सा—1—2012, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1— महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2— महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3— वरिष्ठ आडिट ऑफिसर (आडिट—प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्र सत्यनिष्ठा भवन, 15—थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4— समस्त जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया पृष्ठ मद में व्यय की गयी धनराशि का व्यय विवरण निदेशक/सचिव, कल्याण परिष लखनऊ एवं महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्र शासन को भी उपलब्ध करायें तथा अतिरिक्त धनराशि के आवंटन अथ बचत/समर्पण की सूचना के सम्बन्ध में निदेशक/सचिव, स्वतंत्रता संग्राम सेनाओं कल्याण परिषद, लखनऊ से अनुरोध करने का कष्ट करें।
5— निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6— वित्त (आय—व्यय) अनुभाग—1
7— वित्त (व्यय—नियंत्रण) अनुभाग—12
8— इन्चार्ज, एन0आई0सी0 नेट सेल, नवीन भवन, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ।
9— गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अजेय कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव।

46/12